सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली)
पिलानी (राजस्थान)

Print Tender Document

निविदा आमंत्रण सूचना

Dated: 11/07/2017

सीएसआईआर या इसकी प्रयोगशालाओं/संस्थानों के लिए कार्य करने वाले तथा समान कार्यों (तालिका में उल्लिखित) को करने का अनुभव रखने वाले तथा निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूर्ण करने वाले पंजीकृत ठेकेदारों/केंद्रीय लोक निर्माण विभाग/राज्य लोक निर्माण विभाग/रेलवे/एमईएस/बीएसएनएल (डाक व तार विभाग) की समुचित श्रेणी की फर्मों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

(क) 31 मार्च को समाप्त विगत वित्तवर्ष से पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्माण कार्यों पर औसत वार्षिक वित्तीय टर्न ओवर (कुल बिक्री) अनुमानित लागत का न्यूनतम 30% हो

(ख) निम्नलिखित कार्यों में से किसी एक के समान कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का, इस आवेदन को आमंत्रित करने के माह की अंतिम तिथि से एक माह पूर्व तक न्यूंनतम 7 वर्षों का अनुभव हो।

1. समान प्रकृति के तीन कार्य जिसकी धनराशि अनुमानित लागत के 40% से कम न हो। या
2. समान प्रकृति के दो कार्य जिसकी धनराशि अनुमानित लागत के 50% से कम न हो। या
3. समान प्रकृति का एक कार्य जिसकी धनराशि अनुमानित लागत के 80% से कम न हो।
4. निम्नलिखित कार्यों के लिए आवेदन करने की इच्छुीक फर्म विक्रय कर विभाग के प्रमाणपत्र तथा उपर्युक्त शर्तें पूरी करने के प्रमाण सहित आवेदन करें । ठेकेदार को इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि उसे किसी प्राधिकारी द्वारा निविदा देने के लिए विवर्जित (Debar) नहीं किया गया है।

निम्नलिखित कार्यों की अनुमानित लागत बाजार दरों पर आधारित हैं। कार्य का विवरण निम्नवत है

	कार्य का नाम	**अनुमानित लागत (लाख रु. में)**	**बयाना राशि (रु.में)**	**निविदा लागत (रु.में)**	**पूर्णता अवधि**	**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि**	**निविदा दस्तावेज जारी करने की अंतिम तिथि**	**निविदा जमा करने तथा खोलने की तिथि व समय**
1.	सीरी, पिलानी में वार्षिक उद्यान रखरखाव का कार्य।	39.374	79000/-	500/-	12 माह	12.7.17 से 24-7-2017	13.7.17 से 25-7-2017	28.7.2017

उपर्युक्त कार्य के लिए निविदा उपर्युक्त तिथि के अनुसार किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान सायं 6 .00 बजे तक **लिखित आवेदन पत्र के साथ अनुभव प्रमाण पत्र, पैन नम्बर, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नम्बर की प्रति, कर्मचारी भविश्य निधि पंजीकरण, ई.एस.आई. पंजीकरण आदि प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित प्रस्तुत करने पर निविदा जारी की जाएगी**। लिखित आवेदन के साथ निदेशक, सी .एस .आई .आर . -सीरी, पिलानी के पक्ष में देय निविदा लागत संबंधी चालान/डिमांड ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए ।

निविदा मुहरबंद लिफाफे में उपर्युक्त तिथि को सायं 3 बजे तक प्रशासन नियंत्रक , सीएसआईआर-सीरी, पिलानी(राजस्थान) को भेजी जाएँ । प्राप्त निविदाएँ उसी दिन सायं 3.30 बजे प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएँगी । निविदा लागत अप्रतिदेय(Non-refundable) है ।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार अथवा आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

निविदा आमंत्रण सूचना संस्थान की वेबसाइट www.ceeri.res.in पर भी उपलब्ध है।

प्रशासन नियंत्रक

Print Tender Document ;

[Home] [About CEERI][R&D Programs][Contact]

Copyright © CEERI Pilani.